Title: Need to set up an industry in Bah Tehsil in Uttar Pradesh to rehabilitate the people affected by acquisition of land for construction of Agra-Bateshwar railway line.

श्री रामजी लाल सुमन(फिरोजाबाद): अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री द्वारा ६ अप्रैल ९९ को जनपद आगरा (उ.प्र.) में आगरा बटेश्वर रेलवे मार्ग के उदघाटन के बाद अब भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रारम्भ हो रहा है जिससे स्थिति अत्यधिक गंभीर होगी। १०८ करोड़ की लागत से बनने वाले इस रेल मार्ग से ९१२ गांवों के लगभग २१ लाख लोग प्रभावित होंगे तथा इस मार्ग की दूरी ११०.५ कि.मी. होगी जो जनपद इटावा में १८ कि.मी. आगरा सदर तहसील में २ कि.मी. फतेहबाद (आगरा) में ४१.५ कि.मी. तथा बाह (आगरा) तहसील में ५५ कि.मी. भूमि को प्रभावित करेगी। बाह तहसील में पहले से ही एक अन्य योजना (चम्बलडाल) परियोजना में किसानों की बहुत सारी जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। रेल मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहित किये जाने के बाद किसानों की रोजी-रोटी का स्थाई जरिया ही समाप्त हो जाएगा। जो मुआवजा मिलेगा उससे लाखों किसानों की भरण-पोषण की स्थाई समस्या हल नहीं होगी।

सरकार को चाहिए किक विकल्प के तौर पर बाह तहसील में एक उद्योग स्थापित करे जिससे लाखों किसानों की रोजगार की स्थाई समस्या का निराकरण हो सके।